# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8756 / 2025 दिनांकः 02 सितम्बर, 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः– विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 28 अगस्त, 2025 उत्तर प्रदेश छात्रवृत्ति पोर्टल पर सत्र 2025–26 हेतु जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप समस्त जानकारी को ससमय पूरित करने के सम्बन्ध में,**

महोदय,

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 28 अगस्त, 2025 को विश्वविद्यालय व्हाट्सएप ग्रुप पर छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में वर्ष 2025–26 हेतु जारी दिशा–निर्देशों का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

विश्वविद्यालय द्वारा उक्त जारी दिशा–निर्देशों का समय से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का अनुरोध किया गया था किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा वांछित सूचनाओं को छात्रवृत्ति पोर्टल पर अभी तक अपलोड नहीं किया गया है।

अतः सम्बन्धित प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक से अनुरोध है कि दिनांकः 28 अगस्त, 2025 को विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों में अंकित सूचनाओं को छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रत्येक दशा में **दिनांकः 10 सितम्बर, 2025** तक अपलोड करना सुनिश्चित करें।

उक्त के सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि यदि किसी महाविद्यालय का अभी तक डिजिटल हस्ताक्षर नहीं बना है या कुछ दिनों में डिजिटल हस्ताक्षर की अवधि समाप्त होने वाली है तो उसे भी ससमय बनवाकर जिला समाज कल्याण अधिकारी, बलिया से प्रमाणित करा ले।

उक्त दिशा–निर्देशों का ससमय अनुपालन न किये जाने की दशा में यदि कोई पात्र छात्र / छात्रा छात्रवृत्ति पाने से वांछित रह जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक का होगा।

02.09.25 | 02.9.2025

**(डॉ0 छबिलाल)**
**नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति पोर्टल**

**(विकास)**
**उप कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

01. माननीय कुलपति जी।
02. कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. जिला समाज कल्याण अधिकारी, बलिया।
04. प्रभारी वेबसाइग्ट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

02.9.2025
**उप कुलसचिव**

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

प्रत्येक महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि Up Scholarship Portal निम्नलिखित पोर्टल पर दिनांकः 31 अगस्त, 2025 तक पूर्ण करने का कष्ट करें।

यहाँ संदेश का सारांश दिया गया है:

- **सभी कॉलेजों को सूचित किया जाता है कि वे UP Scholarship Portal पर लॉग इन करें।**
- **अपने कॉलेज की प्रोफाइल को अपडेट करें और AISHE कोड को 29-08-2025 तक सत्यापित करें।**
- **यह सुनिश्चित करने के बाद, पिछले सत्र 2024-25 के भुगतान किए गए छात्रों की उपस्थिति और परीक्षा परिणाम से संबंधित विवरण भरें।**
- **इसके अतिरिक्त, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की कुल संख्या और निर्धारित शुल्क की जानकारी भी भरें।**

**1. प्रोफाइल अपडेट करें**

1. छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपने कॉलेज के लॉगिन क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके लॉगिन करें।
2. माउस कर्सर को **Institute** पर ले जाएँ और फिर **Update Profile** पर क्लिक करें।
3. अपने कॉलेज का विवरण भरें और सबमिट बटन पर क्लिक करें।

**2. AISHE कोड सत्यापित करें**

1. पोर्टल पर अपने कॉलेज का नाम प्रदर्शित होने पर, उस पर माउस कर्सर ले जाएँ।
2. इसके बाद, **Course Management** पर जाएँ।
3. फिर **VALIDATE AISHE CODE** का चयन करें।
4. अपने कॉलेज का AISHE कोड दर्ज करें और **Fetch Detail** पर क्लिक करें।

02.09.25

**3. पाठ्यक्रम-वार कुल दिनों की जानकारी भरें**

1. पोर्टल पर लॉगिन करें।
2. माउस कर्सर को **Application Management** पर ले जाएँ।
3. इसके बाद, **Paid List (2024-25) Verification** पर जाएँ।
4. **Course wise total days entry** विकल्प का उपयोग करके जानकारी भरें।

**4. विद्यार्थी-वार परीक्षा विवरण दर्ज करें**

1. पोर्टल पर लॉगिन करें।
2. माउस कर्सर को **Application Management** पर ले जाएँ।
3. इसके बाद, **Paid List (2024-25) Verification** पर जाएँ।
4. **Student Wise Exam Detail Entry** का चयन करें और प्रत्येक छात्र का परीक्षा विवरण दर्ज करें।

**5. पाठ्यक्रम, शुल्क और सीटों की जानकारी जमा करें**

1. पोर्टल पर लॉगिन करें और अपने कॉलेज के नाम पर माउस कर्सर ले जाएँ।
2. **Fee Management System** खोलें।
3. यहाँ, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, कुल सीटों की संख्या और निर्धारित शुल्क से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी भरें।

*कृपया सुनिश्चित करें कि ऊपर बताए गए **बिंदु संख्या 01 और 02 29-08-2025** तक एवं बिंदु **संख्या 03, 04 और 05 31-08-2025** की समय-सीमा से पहले पूरे कर लिए जाएँ। इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी से CM Dashboard Portal पर Rank खराब प्रदर्शित हो सकती है एवं छात्रों की छात्रवृत्ति प्रक्रिया में बाधा आ सकती है।*

धन्यवाद।

02.09.25


पता:–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोड:–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com